## संक्षिप्त

### विधायक पटेल ने सुनी शिकायतें

**कोटपूतली, (निसं)।** क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने राजमार्ग की सर्विस लेन स्थित डाक बंगला परिसर में प्रत्येक शनिवार की भांति नियमित साप्ताहिक जनसुनवाई करते हुये आमजन की शिकायतें सुनी। साथ ही बारिश के मौसम में जल भराव, बिजली, पानी, सडक, रास्ते के विवादों समेत विभिन्न अभाव अभियोगों का मौके पर ही निस्तारण किया। विधायक ने सम्बंधित अधिकारियों को दूरभाष के द्वारा अवगत करवाया कि आमजन से जुडी किसी भी शिकायत का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करें। साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करें। वहीं उन्होंने पावटा पंचायत समिति में भी नियमित जनसुनवाई की। विधायक को ग्राम चतुर्भुज से आये ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष रघुवीर गोयल, नगर संयोजक अरूण सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, पार्षद प्रतिनिधि दीपक कटारिया, धर्मसिंह शेखावत, कमल कसाना समेत अन्य मौजूद रहे।

### सांसद राव राजेंद्र को तुलसी का पौधा सौंपा

**पावटा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान के तहत घर-घर पौधारोपण की शुरुआत की। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा के द्वारा पिछले 4 साल से घर-घर पौधा अभियान बरसात के महीने में चलाया जाता है। भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किये गए देशव्यापी अभियान एक पेड माँ के नाम के तहत-देशभर में मां के नाम पर पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों और कार्यकर्ताओं से भी अपील है कि वे एक पौधा माँ के नाम पर लगाकर देश को समर्पित करें। एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पवन शर्मा ने सांसद राव राजेंद्र को तुलसी का पौधा सौंपा। इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता सुभाष जोशी, युवा नेता अनिल महर्षि, मधुर महेश्वरी, कृष्ण सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### विधायक ने वर्षा क्षेत्रों का दौरा किया

**निवाई, (निसं)।** विधायक रामसहाय वर्मा ने भारी बारिश से उपजे हालातों का जायजा लेते हुए उपखण्ड पीपलू के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से चर्चा की। विधायक रामसहाय वर्मा ने उपखण्ड कार्यालय, जीएसएस पीपलू, पंचायत समिति कार्यालय, नाथडी रोड स्थित पुलिया का जायजा लेकर अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित

**सांभरझील, (निसं)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन एवं बालिकाओं के शिक्षा के प्रति रुझान के लिए भगवती प्रसाद, रामवतार, गजेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार ने 150 किट वितरण किए। इस अवसर पर बालिकाओं को से कहा कि जीवन में अवसर सभी को प्राप्त होते हैं। हमें अवसर को पहचान कर जीवन को सफल बनाना चाहिए। उप प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल मीणा ने भामाशाहों को दुपट्टा, स्मृति चिन्ह और शाकंभरी माता की तस्वीर भेंट कर आभार जताया।

### मजिस्ट्रेट एवं सहायक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष गुप्ता ने 14 से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले श्री जगन्नाथ महाराज मेले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु उपखण्ड अधिकारी अलवर प्रतीक जुईकर को मेला मजिस्ट्रेट एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार अलवर तनु शर्मा को सहायक मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सम्पूर्ण रथ यात्रा एवं मेला क्षेत्रा में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखे।

### गौरी शंकर प्रदेश महासचिव नियुक्त

**कोटपूतली, (निसं)।** राष्ट्रीय नाई महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अशोक सरना ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद गाँधी के निर्देशानुसार ग्राम गोरधनपुरा निवासी संगठन के प्रदेश सचिव गौरी शंकर सैन को पदौन्नत कर प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है।

# मालपुरा में बारिश से तबाही, मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों के दर्द जाने

**मालपुरा, (निसं)।** गुरूवार की मध्य रात्री से शुक्रवार की शाम तक मालपुरा में हुई मुसलाधार बरसात ने मालपुरा में तबाही का मंजर मचा दिया। क्षेत्र में तबाही के मंजर व बाढ के हालातों का जायजा लेने पहुंचे केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने दो दर्जन से अधिक गांव-ढाणियों मे पहुंच बाढ त्रास्दी से पीडित लोगों से मिल उन्हे हर सम्भव मदद व राहत पहुंचाने का विश्वास दिलाते हुये उनके आंसू पोंछ उनके दुख दर्द में हमेशा तैयार रहने का ढाढस बंधाया।

मंत्री ने बाढ से टूटे मकानों व गांवों के सम्पर्क रास्तों सहित पानी के साथ बह जाने वाले किसानों के उन खेतों का भी जायजा लिया। जहां किसानों को करोडों रूपयों का आर्थिक नुकसान हुआ। जिला कलेक्टर सौम्या झां ने लावा सहित एक दर्जन गांवों का दौरा कर प्रशासनिक टीम के साथ बाढ के हालातों का जायजा लिया। मंत्री के साथ मौजूद जनप्रतिनिधियों व गांवों के प्रबुद्धजनों ने किसानों की व ग्रामीणों की पीडा व बर्बादी की कहानी फोटो विडियो के साथ मंत्री के सामने रखते हुये राज्य सरकार से बाढ पिडित परिवारों को आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की।



केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने दो दर्जन से अधिक गांव-ढाणियों में पहुंच बाढ त्रास्दी से पीड़ित लोगों से मिल हर सम्भव मदद व राहत पहुंचाने का विश्वास दिलाया।

जिस पर केबिनेट मंत्री ने मौके पर मौजूद कार्यवाहक एसडीएम कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल पारीक सहित प्रशासनिक अधिकारियों को बाढ त्रास्दी का जायजा लेते हुये नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के मौके पर ही निर्देश दिये।

डीआर छोगालाल गुर्जर ने बताया कि भीपुर गांव में पांच दर्जन से अधिक मकान धराशाही हो गये तो कई मकानों में रखी सरसों व अनाज की बोरियां पानी के बहाव में बह जाने से करोडों रूपयों का नुकसान हुआ। नागफणी व हालोलाव, रामसागर बांध आदि के टूट जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा त्वरित बचाव कार्य करने में शिथिलता बरती गई। रामसागर बांध की गहराई व अन्य कार्यो के लिये स्वीकृत 2 करोड 41 लाख रूपये के कार्यो का अधिकारियों द्वारा जायजा ले मॉनिटरिंग नहीं करने के चलते यह बांध कार्य पूर्ण होने से पहले ही टूट गया जो कि घटिया निर्माण की पोल खोल रहा है। बाढ के हालातो से तीन दर्जन से अधिक गांव ढाणियों की

■ 50 से अधिक गांव-ढाणी दूसरे दिन भी डूबे रहे अंधेरे में

सडके व मुख्य रास्ते टूट जाने से आवागमन बंद हो गया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी क्षेत्र में हुई भारी तबाही के बावजूद टूटे हुये रास्तों व क्षतिग्रस्त सडकों को तैयार करवाने में घोर लापरवाही बरतने की जानकारी सामने आई। एक दर्जन से अधिक गांवों के स्कूल व सरकारी भवन पानी से लबालब भर जाने से कभी भी टूटकर धराशाही होने का खतरा मंडरा रहा है। शनिवार की देर शाम तक उपखण्ड क्षेत्र के 50 से अधिक गांव ढाणी दूसरे दिन भी अंधेरे में डूबे रहे। लावा गांव में शनिवार को दोपहर बाद एक युवक का शव तैरता मिला। जिसे ग्रामीणों ने तालाब से बाहर निकाला तो उसकी पहचान रामजीलाल खारोल के रूप में की गई। वही लावा के नारायणपुरा गांव में बाढ से जनजीवन प्रभावित होने के बावजूद अधिकारियों द्वारा सुध नहीं लेने से गुस्सायें ग्रामीणों ने डिग्गी-सोहेला मार्ग पर जाम लगा दिया।

## विश्व जूनोसिस दिवस पर रेबीज टीकाकरण

**टोंक, (निसं)।** राजकीय बहुउद्दीय पशु चिकित्सालय टोंक द्वारा विश्व जूनोसिस दिवस पर इण्डियन इम्यूनोलोजिकल कम्पनी हैदराबाद के सहयोग से एक दिवसीय रेबीज टीकाकरण दिवस शिविर का आयोजन कर श्वान व बिल्ली जैसे जानवरों में रेबीज रोग की रोकथाम हेतु निशुल्क टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय प्रांगण के अतिरिक्त श्वान प्रेमी स्वयं सेवक प्रज्ञा बुन्देल ने पूरे शहर में लगभग 113 निराश्रित श्वानो (कुत्तों) को रेबीज टीकाकरण किया गया। चिकित्सालय में इस अवसर पर एक विश्व एक स्वास्थ्य, जूनोसिस रोके" कार्यक्रम पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जो संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम के तहत पशुधन सहायकों की टीम द्वारा टीकाकरण कार्य सम्पादित किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण एवं शुद्धि के लिए वृक्षारोपण जरूरी : संजय शर्मा

**राजगढ, (निसं)।** राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं शुद्धि के लिए वृक्षारोपण आज की नितांत आवश्यकता है। ग्लोबलाइजेशन के दौर में अधिक संख्या में पौधा रोपण कर मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करें। शर्मा ने ये उदगार भोरंगी गौशाला धाम वन क्षेत्र माचाडी मार्ग राजगढ पर शनिवार प्रात: 10 बजे वृक्षारोपण के शुभारंभ पर व्यक्त किया।

इससे पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा का गौशाला धाम के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण एवं साफा बांधकर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 5 करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण कर वृक्ष बनने तक पौधे की सार संभाल करें। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने बरगद एवं नीम का पौधा भी लगाया। उन्होंने एक पौधा अपनी मां के नाम लगाने का सभी कार्यकर्ताओं का आवाहन किया। इस अवसर पर उन्होंने



वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने बरगद एवं नीम का पौधा लगाया।

■ अनेक संस्थाओं की ओर से समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपे

राजगढ क्षेत्र में चौमुखी विकास के कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर अनेक संस्थाओं की ओर से समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सोपे।

इस दौरान उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया,महंत प्रकाश दास, अवधूत दत्त आश्रम महंत एवं गौशाला से जुडे अमन भारती महाराज, आशीष शर्मा, विवेक दीक्षित, प्रशांत शर्मा, प्रेमनाथ धामाणी, राहुल दीक्षित, जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं नगर पालिका पार्षद मौजूद रहे।

# पौधारोपण कर शहीद मुकेश कुमार का जन्मदिवस मनाया

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा उपखंड के ग्राम रामपुरा के कोबरा बटालियन शौर्य पदक से सम्मानित शहीद मुकेश कुमार बुनकर के पिता रामसहाय बुनकर, माता कमलादेवी, वीरांगना बीना देवी, आबकारी निरीक्षक पुत्र बृजेश बुनकर, भाई विकास जेवरिया, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरणमल बुनकर, बेटी मोनिका, ममता, ऋषिका सहित परिवारजनों और ग्रामीणों ने शहीद की जयंती पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर और 100 छायादार और फलदार पेड लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर ने बताया कि शहीद मुकेश कुमार बुनकर का 2007 में सीआरपीएफ में चयन हुआ था। वर्ष 2009 में अरुणाचल प्रदेश में चुनावी ड्यूटी के दौरान बूथ केंद्र पर नक्सलीयों ने हमला कर पेटियां ले जाने का प्रयास किया। इस पर शहीद मुकेश कुमार बुनकर ने अपने साथियों के साथ नक्सलियों के छक्के छुडा दिए। उनकी



शहीद मुकेश कुमार की जयंती पर 100 छायादार और फलदार पेड़ लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जाबांजी को देखते हुए सीधा कोबरा बटालियन में चयन कर लिया गया।

वर्ष 2012 में झारखंड के रांची में 50 नक्सलियों ने बटालियन पर हमला कर दिया। नक्सलियों से मुठभेड में शहीद मुकेश के 4 गोलियां लगी फिर भी शहीद मुकेश ने चार नक्सलियों को मार गिराया। घायल मुकेश दिल्ली उपचार दौरान 8 दिन बाद 24 सितंबर 2012 को अमर हो गए। वीरांगना बीना देवी को 9 अप्रैल 2015 को दिल्ली में आयोजित शौर्य दिवस पर तात्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने मरणोपरांत शौर्य वीरता मेडल से भी सम्मानित किया था। इस दौरान बाबूलाल जेवरिया, सीतादेवी, भानूप्रताप, अभिषेक नारवाल, आशु, दीपशिखा जेवरिया, मिष्टी आदि ने शहीद अमर रहे, भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**कोटपूतली, (निसं)।** ग्राम पवाना अहीर स्थित मूलचंद प्रभूदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरपंच पूरणमल खटीक की अध्यक्षता व गिरधारी लाल यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

समारोह में अतिथियों द्वारा बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 व 12 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का तिलक लगाकर, माल्यार्पण व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर नेहा वर्मा 88 प्रतिशत, सोनल मीणा 86 प्रतिशत, जेन्सी यादव 82 प्रतिशत, मंजू कुमावत 81 प्रतिशत, तनुज्या 78 प्रतिशत, संगम आर्य 78 प्रतिशत, सपना सैन 77 प्रतिशत, खुशबू मीणा 76 प्रतिशत, पुष्पेन्द्र यादव 76 प्रतिशत, भावेश आर्य ए ग्रेड को सम्मानित किया गया। जिसके बाद ग्राम पवाना अहीर में रैली द्वारा जागरूकता का संदेश देते हुए प्रोत्साहन दिया गया। जगह-जगह ग्रामीणों ने रैली का स्वागत अभिनन्दन किया और ठंडा पेय पिलाते हुए हौंसला बढाया। मुख्य अतिथि गिरधारी लाल यादव ने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि जब से प्राचार्य महेश चंद यादव ने कार्य

■ प्रतिभाओं का तिलक लगा व माल्यार्पण कर सम्मान

संभाला है उन्होंने अपनी कार्यशैली अनुरूप बेहतर प्रदर्शन किया है। प्राचार्य किसी भी प्रकार का अवकाश का उपभोग किये बिना समर्पित भाव से नियमित विद्यालय आकर स्वयं भी शिक्षण कार्य करते हैं। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को मदद करने की घोषणा भी मुख्य अतिथि ने की। प्राचार्य महेश चंद यादव ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि गांव के समस्त लोगों का अच्छा सहयोग रहा है तथा इसी तरह अच्छा प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। अतिथियों द्वारा अच्छी पढाई कर अनुशासित नागरिक बनने की प्रेरणा प्रदान की गई। प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि भामाशाह सेठ परिवार द्वारा इस बार विद्यालय में 35 लाख 65 हजार रुपये का भौतिक विकास कार्य कराया गया है जिसके परिणामस्वरूप अगले माह सरकार व विभाग द्वारा सेठ परिवार को राज्य स्तर पर भामाशाह सम्मान प्रदान किया जायेगा।

# पावटा में दूसरे दिन भी सफाई व्यवस्था बे-पटरी, सफाईकर्मी हड़ताल पर

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में शनिवार को दूसरे दिन पूरा पालिका क्षेत्र गंदगी के ढेर में तब्दील हो गया। आलम यह रहा कि एनएच सहित पूरे मुख्य बाजारों, वार्डो, कॉलोनियों में कूडे के ढेर लग गए। इसके कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ गया है, वहीं मच्छरों का भी प्रकोप बढ गया है।

जानकारी के मुताबिक नगरपालिका के सफाई कर्मियों को दो महिने से वेतन न मिलने व पीएफ नंबर नहीं मिलने के कारण वे शुक्रवार सुबह से हडताल पर चले गए। जिसके चलते दो दिन से सफाईकर्मी हडताल पर है। जिस कारण पावटा प्रागपुरा पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दो दिन से चरमराई हुई है। सफाई कर्मियों को वेतन न मिलना



सफाईकर्मियों ने वेतन नहीं मिलने पर कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया।

नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे करता है। शनिवार को एनएच 48 सहित पावटा प्रागपुरा पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में गंदगी के ढेर लग गए। ऐसे में यहां पहुंचने वाले हजारों लोगों को गंदगी के चलते परेशानियां झेलनी पडी। दुकानों के आगे सजे गंदगी के ढेर लोगों का मुंह चिढाते नजर आए। पावटा प्रागपुरा पालिका क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से ही गंदगी के ढेर लगने शुरू हो गए। गंदगी के ये ढेर नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान उठा रहे हैं। शनिवार को पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सफाई कर्मियों के कचरा न उठाने के कारण गंदगी पसरी

■ गंदगी के ढेर में तब्दील हुए मुख्य बाजार

रही। नप के सफाई कर्मियों को समय पर वेतनमान न मिलने के कारण उन्होंने सफाई करने से मनाही कर दी। सफाई कर्मियों ने साफ कर दिया है कि जब तक वेतन नहीं मिलता तब तक सफाई व्यवस्था ऐसी ही रहेगी। यह पहली मर्तबा नहीं है जब सफाई कर्मी वेतन को तरसे हों। इससे पहले भी कई बार सफाईकर्मी वेतन की मांग उठा चुके हैं लेकिन ठेकेदार और नगरपालिका की नाकामी के चलते गरीब सफाई कर्मी परेशानियों से जूझ रहे हैं। मसलन शहर में गंदगी के ढेर लगना लाजमी है।

## सार-समाचार

### विधार्थियों को शिक्षण सामग्री बांटी



**खाटूश्यामजी, (निसं)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खाटूश्यामजी में प्रधानाचार्य बाबूलाल जांगिड के सेवानिवृत्त होने पर अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के ओएसडी प्रमोद शर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा खाटू ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर पूनिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम विधार्थियों को संजय केजरीवाल द्वारा विधार्थियों को पाठ्य पुस्तकें व शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। इसके साथ ही एक पौधा मां के नाम अभियान में प्रमोद शर्मा ने पीपल का पेड लगाकर कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान शर्मा ने कहा कि प्रधानाचार्य जांगिड का कार्यकाल शानदार रहा। इन्होंने राजकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य किए लेकिन अब इन्हें सेवानिवृत्त के बाद भी समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने का कार्य निरंतर करते रहना चाहिए। वहीं सभी से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पौधा लगाने व उनकी जिम्मेदारी के साथ साथ संभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य अर्जुन लाल, श्रवण रूलाणिया, कालूराम शर्मा, शकुंतला शर्मा, संजना देवी, गणेशराम,हितांशु भारद्वाज, प्रियांशु भारद्वाज सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन फूलाराम भादू ने किया।

### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज

**राजगढ, (निसं)।** भगवान जगन्नाथ महाराज ऐतिहासिक रथयात्रा रविवार रात्रि को चौपड बाजार मंदिर से श्रद्धा एवं भक्ति के साथ रवाना होगी। घंटे घडियाल एवं बैंडबाजे के साथ भगवान जगन्नाथ जानकी संग विवाह रचाने हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में प्रस्थान करेंगे। दूल्हे बने भगवान जगन्नाथ की अनुपम छवि को देखने राजगढ मय पूर्वी राजस्थान के अनेक शहरों से श्रद्धालु दर्शन लाभ करने आते हैं। इंद्र विमान पर आरुढ दौरान रथ यात्रा के मार्ग में दर्जनों मंदिरों के पुजारी दूल्हे बने भगवान जगन्नाथ की आरती उतार कर अगवानी करते हैं। इस दौरान उपखंड प्रशासन नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन, मेला कमेटी की ओर से रथ यात्रा एवं मेले में आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर प्रबंध किए गए हैं। बाल्मिक समाज के जगदीश सारसर के नेतृत्व में शक्ति एवं कला सबको रोमांचित करता है। समाजसेवी लोगों की ओर से रथ यात्रा में शीतल पानी के साथ मीठे शरबत एवं ठंडाई की व्यवस्था की जाती है। रथ यात्रा के मार्ग में निर्माण विभाग विद्युत निगम एवं अन्य विभागों की ओर से व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। रथ यात्रा के दौरान पेट के बल परिक्रमा देने वाले बालक एवं अन्य भक्तों का जज्बा देखते ही बनता है। मंदिर के महंत पूर्ण दास एवं मदन मोहन शास्त्री, रोहित शर्मा ने बताया कि 7 जुलाई को रथ यात्रा, 8 से 11 जुलाई तक गंगाबाग में मेला,12जुलाई को जगन्नाथ जानकी वरमाला महोत्सव, 13 व 14 जुलाई को गंगाबाग में भराभर का मेला आयोजित होगा। 15 जुलाई को रात्रि भगवान जगन्नाथ जानकी संग विवाह रचाकर गंगा बाग से चौपड बाजार को लौटेंगे।

### सड़क दुघर्टना में बाइक सवार की मौत

**टोंक, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के तारण गांव से गुजर रही सवाईमाधोपुर नेशनल हाईवे पर शनिवार को अल सुबह एक बाइक से गाय टकराने से बाइक सवार की मौत हो गई। मौके पर पंहुची पुलिस प्रशासन की टीम ने गम्भीर हालत में पडे युवक को जिला सआदत अस्पताल टोंक में भर्ती कराया, जिसे डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनो को सुपुर्द कर दिया। प्राप्त सूत्रो के अनुसार मृतक का नाम हसंराज गुर्जर पुत्र प्रहलाद गुर्जर निवासी कुहाडा खुर्द तह. उनियारा जो अपनी बुआ को छोडने उसके ससुराल से बाइक से गया था तथा ग्राम तारण पर रोड लाईट खराब होने से बैठी गाय नहीं दिखी, जिससे वह गाय से जा टकराया और गम्भीर घायल हो गया, जिसे अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार शुक्रवार की रात्रि को इसी मार्ग के आगे 7 किमी दूर ग्राम घांस के पास एक कार से दो गाय टकरा गई, टक्कर इतनी तेज लगी की गाय रैलिग से टकरा गई। जिससे दोनो गायों की मौत हो गई। पुलिस प्रशासन व ग्रामीणों की सहायता से गायों को क्रेन से रोड से हटाया गया। इस दौरान कार चालक कार लेकर चला गया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद की जयंती पर कार्यक्रम

**चाकसू, (निसं)।** विधानसभा चाकसू क्षेत्र में भारतीय जन संघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व जिला संयोजक सुमन कुमावत ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी और प्रदेश महामंत्री राधा भारद्वाज ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। उपस्थित जनसमूह ने उनके राष्ट्रवादी विचारों और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए, उनकी विचारधारा से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व का सम्मान करना है। चाकसू विधानसभा क्षेत्र में इस अभियान के तहत कई पौधे लगाए गए। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और स्थानीय नागरिकों ने भी पौधारोपण में भाग लिया।

### अभिभावकों की बैठक आयोजित

**निवाई, (निसं)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया की अध्यक्षता में अभिभावकों की बैठक आयोजित हुई। प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया ने बताया कि नियमित अध्ययनरत स्नातक, प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष छात्राओं को अस्थाई रूप से अगली कक्षा में क्रमोन्नत कर दिया गया है। सभी छात्राएं ई-मित्र में 19 जुलाई को ऑनलाईन शुल्क जमा करवा सकते हैं। बीए पार्ट द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं का सभी विषयों का अध्ययन कार्य प्रारंभ हो गया है।

# विभिन्न किस्म के 251 पौधे लगाये

**कोटपूतली, (निसं)।** तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष व अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश समर्थ लाल मीणा के नेतृत्व में शनिवार को महात्मा गाँधी स्कूल कंवरपुरा में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर विभिन्न किस्म के 251 पौधे लगाये गये। एडीजे समर्थ लाल मीणा ने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन में वृक्ष अवश्य लगाने चाहिये।

बेहतर स्वास्थ्य और शुद्ध हवा के लिए वृक्ष जरूरी होते हैं, उन्होंने हर वर्ष लगातार बढ रहे तापमान का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी मुख्य वजह पेडों की अंधाधुंध कटाई है। बार एशोसिएशन अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने कहा कि जैव विविधता एवं मानव विकास के लिए पेड़ों का होना अतिआवश्यक तथा पर्यावरण शुद्धि व वर्षा होने के लिए पेडों का होना बेहद जरूरी है। क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंजर सतपाल ने पौधारोपण की विधि पर प्रकाश डाला। सरपंच जगदीश यादव व प्राचार्य महावीर यादव ने अतिथियों

■ बेहतर स्वास्थ्य और शुद्ध हवा के लिए वृक्ष जरूरी : समर्थ लाल

का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। पौधारोपण में नरेगा श्रमिकों, विद्यालय परिवार, बार एशोसिएशन के सदस्यों, वन विभाग टीम व ग्रामीणों ने सहयोग किया। विद्यालय परिवार व अभिभाषक संघ सदस्यों ने एक-एक पेड़ लगाकर उनके रख रखाव व संरक्षण की जिम्मेदारी ली। इस दौरान सुबेसिंह सिंह यादव, पूर्व सरपंच महेश यादव, पूर्व सरपंच संजय यादव, पूर्व अध्यक्ष अशोक यादव, सचिव हेमंत शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति शर्मा, मुकेश यादव, अमीलाल यादव, रंजीत वर्मा, सत्यवीर पायला, अनिल कुमार आर्य, अविनाश यादव समेत अधिकारी-कर्मचारी, नरेगा श्रमिक, विद्यालय स्टॉफ व ग्रामीण मौजूद रहे।